दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः 14.02.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 14.02.2025 गोरखपुर। दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा 'पुलवामा शहीद दिवस' के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद भारत ही नहीं पूरी मानवता के लिए सबसे गम्भीर चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। आतंकवाद का स्वरूप तथा घटनाएं नित्य नए रूप में सामने आकर देश–दुनिया को चुनौती प्रस्तुत कर रहा है। हाल ही में जर्मनी के म्यूनिख तथा आस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने आतंकवाद के नए रूप 'लोन वुल्फ अटैक' जैसी नई शब्दावली तथा हमले करने के नए तरीकों को जन्म दिया है। जिसके कारण पूरी मानवता को क्षति पहुंची है। इन घटनाओं के कारण व्यक्तियों का 'परोपकार' तथा 'मानवाधिकार' से विश्वास ही उठ जाएगा। आज ही के दिन 2019 में जम्मू–कश्मीर राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों पर आत्मघाती हमला करके आतंकवादियों ने 40 सुरक्षा कर्मियों की जान ले ली थी, लेकिन भारत की वर्तमान सत्ता ने 12 दिनों के बाद 26 फरवरी 2019 को 'एयर स्ट्राइक' कर इस हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों के साथ–साथ उनको प्रायोजित करने वाले देश पाकिस्तान को भी सबक सिखाया। भारत ने अपने कार्य और सार्मथ्य से पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि आतंकवाद किसी भी रूप में सामने आए, भारत उसका प्रतिकार के लिए तैयार है। भारत, आतंकवाद को पूरी दुनिया से समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और भारतीय सेना आतंकवाद की किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम है।

उक्त अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने कहा कि आतंकवाद किसी तरह से भारत में क्षम्य नहीं किया जाएगा। वर्तमान युवा पीढ़ी को आतंकवाद के नए–नए रूपों से सजक रहने की आवश्यकता है। भोले–भाले युवाओं को गुमराह करके यह आतंकवादी गम्भीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं की समस्याओं और कुंठाओं को समझ कर उसका निदान किया जाए जिससे उनके मार्ग में भटकाव न हो और वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान कर सके।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. परीक्षित सिंह, डॉ. विवेक शाही, डॉ. इंद्रेश पांडे, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. शिव कुमार, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा तथा श्री जितेंद्र पांडे, श्री धीरज सिंह, श्री पीयूष सिंह एवं श्री विकास कुमार पाठक सहित छात्र–छात्राओं ने पुलवामा शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह ने किया।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क